दिनांक 7 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

संत रविदास प्रांगण खुर्सीपार में होगा सामुदायिक भवन का निर्माण, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार वार्ड क्रमांक 31 संत रविदास प्रांगण में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा! कार्य की शुरुआत करने महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा तुलसी साहू पहुंचे! उन्होंने मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की पूजा की! महापौर के आगमन पर मोहल्ले वासियों ने जमकर स्वागत किया! ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले रास्ते पर सड़क के किनारे ही संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मंदिर स्थापित है! आस्था अनुरूप श्रद्धालु यहां पर आकर प्रतिदिन पूजा, अर्चना करते हैं! समिति के लोगों ने भवन निर्माण की मांग महापौर से की थी, जिनके मांगों को स्वीकार करते हुए महापौर ने भवन निर्माण के लिए घोषणा की थी और कार्य स्वीकृत होने के बाद आज भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया! 10 लाख की लागत से बनने वाले भवन का कार्य मैसर्स वर्मा कंस्ट्रक्शन को दिया गया है और 4 महीने में कार्य पूर्ण करने कहा गया है! भूमि पूजन कार्यक्रम में एल्डरमैन नरसिंह नाथ, बबीता भैसारे, डी नागमणि, सुनील गोयल मौजूद रहे! मंदिर प्रांगण में समिति के लोगों की मांग अनुरूप बाउंड्री वाल चारों तरफ से किया गया है! पेयजल व्यवस्था के लिए सिंटेक्स टंकी लगाई गई है! निर्मित होने वाले भवन में एक बड़ा हॉल होगा जिससे समिति के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न आयोजन के लिए स्थान मिल पाएगा! साथ ही इस भवन में एक कमरा और पुरुष एवं महिला के लिए पृथक-पृथक शौचालय निर्माण किया जाएगा! कार्य की स्वीकृति दिलाने के लिए समिति के अध्यक्ष शिव बचन भारती, सचिव विनोद भारती, कोषाध्यक्ष जगत किशोर, कार्यकारिणी अध्यक्ष भोला भारती, संरक्षक हीरालाल, सेवा समिति के अध्यक्ष महंगी रामा निराला, उपाध्यक्ष राम भवन निरंकारी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर विनोद कुमार, सदस्य प्यारेलाल ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया! श्री देवेंद्र यादव ने भूमि पूजन के दौरान कहा कि लोगों की मांग के अनुरूप सामाजिक और सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है! समिति की बहुप्रतीक्षित मांग भवन की थी जिसे आज पूरा किया जा रहा है! धार्मिक कार्य के आयोजन मंदिर प्रांगण में हर मौसम में किए जा सकेंगे! क्षेत्र वासियों एवं समिति को एक बेहतर स्थल मिल पाएगा! भूमि पूजन के कार्यक्रम में डी कॉम राजू, कोटेश्वर राव, अरुण राय, मार्तंड सिंह मनहर, निगम से कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता रीमा हुमने एवं अन्य मौजूद रहे!

जनसंपर्क अधिकारी